बिहार सरकार
खेल विभाग,

# अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं और खेल प्रशिक्षक को पुरस्कार देने हेतु बिहार राज्य खेल पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करने की योजना।

## अधिसूचना

पटना, दिनांक....23/8/2024

संख्या–3/खेल.1–09/2022...1243/ आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त कर देश एवं राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों के साथ–साथ इन्हें प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। चयनित खिलाड़ियों को **"राष्ट्रीय खेल दिवस"** या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य दिवस पर "खेल सम्मान योजना" के तहत पुरस्कृत किया जायेगा।

**उद्देश्यः–**

इस योजना का उद्देश्य वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने आधिकारिक अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/अखिल भारतीय खेलों में उपलब्धि प्राप्त की हो तथा वैसे प्रशिक्षक जिनके द्वारा लंबी अवधि में प्रशिक्षित खिलाड़ी ने उक्त खेलों के आधिकारिक प्रतियोगिताओं में उपलब्धि प्राप्त किया हो, इनके द्वारा भविष्य में उच्च स्तरीय प्रदर्शन एवं उपलब्धि प्राप्त किये जाने हेतु उत्साहवर्द्धन के साथ ही राज्य के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा मेहनत कर उच्च स्तरीय प्रदर्शन किये जाने हेतु प्रेरित किया जाना है।

**1. पात्र खेल विधायें:–**

अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमिटी (IOC) एवं इसके अधीन संबद्धता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय खेल महासंघ (ISF) के द्वारा आयोजित संबंधित खेलों का विश्व चैम्पियनशिप/एशिया चैम्पियनशिप, ओलम्पिक कौंसिल ऑफ एशिया (OCA), कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (CGF), एफ्रो-एशियन गेम्स (AAG), साउथ एशियन गेम्स (SAF Games), इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन (IOA), एसोसिएशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटी (AIU), पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया (PCI) / स्पेशल ओलम्पिक (SO) (मंदबुद्धि, स्वः परायणता, बहु विकलांग एवं मानसिक पक्षाघात)/ऑल इंडिया स्पोर्टस एसोसियेशन ऑफ डेफ एण्ड डम्ब (मूक एवं बधिर) / स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) अथवा वैसे खेल जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (खेल विभाग), भारत सरकार (MYAS) अथवा स्पोर्टस ऑथरिटी ऑफ इंडिया (SAI) द्वारा आयोजित आधिकारिक अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता/पदक प्राप्त किया हो वैसे खिलाड़ी सम्मानित किये जायेंगे।

असैनिक/सैनिक/पुलिस एवं अन्य सेवाओं द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/ अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के अतिरिक्त किसी भी स्तर के वेटरन खेल प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त वेटरन खिलाडियों/वेटरन खेल के प्रशिक्षकों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अतिरिक्त आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं को छोड़ कर अन्य गैर आधिकारिक/आमंत्रण खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ी/दल को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

2. व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में देय पुरस्कार राशिः—

(i)अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार :—

(क) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार राशि (सामान्य) :—

| प्रतियोगिता का नाम | स्वर्णपदक / प्रथम स्थान | रजत पदक / द्वितीय स्थान | कास्य पदक / तृतीय स्थान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. ओलम्पिक गेम्स | 2.0 करोड़ | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ | |
| 2. आधिकारिक विश्व चैम्पियनशिप / कप सीनियर | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ | 75 लाख | |
| 3. आधिकारिक विश्व चैम्पियनशिप / कप जूनियर | 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार | 66 लाख 66 हजार | 45 लाख | |
| 4. एशियन गेम्स | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख | |
| 5. आधिकारिक एशियन चैम्पियनशिप सीनियर | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख | |
| 6. आधिकारिक एशियन चैम्पियनशिप जूनियर | 56 लाख 25 हजार | 33 लाख 33 हजार | 18 लाख | |
| 7. राष्ट्रमंडल गेम्स | 50 लाख | 30 लाख | 20 लाख | |
| 8. एफ्रो एशियन गेम्स | 40 लाख | 30 लाख | 20 लाख | |
| 9. आधिकारिक राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप सीनियर | 30 लाख | 20 लाख | 15 लाख | |
| 10. आधिकारिक राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप जूनियर | 22 लाख 50 हजार | 13 लाख 33 हजार | 09 लाख | |
| 11. यूथ एशियन गेम्स एवं वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स / चैम्पियनशिप | 25 लाख | 20 लाख | 15 लाख | |
| 12. साउथ एशियन गेम्स | 20 लाख | 15 लाख | 10 लाख | |
| 13. अधिकारिक साउथ एशियन खेल प्रतियोगिता | 15 लाख | 10 लाख | 05 लाख | |
| 14. ओलम्पिक प्रतिभागिता | | | | प्रतिभागिता राशि (50लाख) |
| 15. एशियन गेम्स प्रतिभागिता | | | | प्रतिभागिता राशि (25लाख) |

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार राशि (दिव्यांग) :—

| प्रतियोगिता का नाम (मानसिक / शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए) | स्वर्ण पदक / प्रथम स्थान | रजत पदक / द्वितीय स्थान | कास्य पदक / तृतीय स्थान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. पैरालम्पिक गेम्स | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख | |
| 2. विश्व पारा चैम्पियनशिप / कप सीनियर | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख | |
| 3. विश्व पारा चैम्पियनशिप / कप जूनियर | 56 लाख 25 हजार | 33 लाख 33 हजार | 18 लाख | |
| 4. पैरा एशियन गेम्स | 50 लाख | 30 लाख | 20 लाख | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. राष्ट्रमंडल गेम्स (दिव्यांग खिलाडी) | 30 लाख | 20 लाख | 15 लाख | |
| 6. पैरा राष्ट्रमंडल प्रतियोगिता/ एशियन चैम्पियनशिप (सीनियर) | 20 लाख | 15 लाख | 10 लाख | |
| 7. दृष्टि बाधित खेल/डेफ ओलम्पिक / स्पेशल ओलम्पिक अंतराष्ट्रीय खेल /मंदबुद्धि खिलाडी हेतु अंतराष्ट्रीय खेल। | 15 लाख | 10 लाख | 05 लाख | |
| 8. पैरालम्पिक प्रतिभागिता | | | | प्रतिभागिता राशि (25लाख) |
| 9. पैरा एशियन गेम्स प्रतिभागिता | | | | प्रतिभागिता राशि (10लाख) |

**(ग) बिलियर्ड एवं स्नूकर खेल** :—सिर्फ व्यक्तिगत एमेच्योर खेल प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन हेतु निम्न प्रकार से पुरस्कारों के पात्र होंगे:—

| चैम्पियनशिप | विजेता | उपविजेता | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. विश्व एमेच्योर चैम्पियनशिप | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख |
| 2. एमेच्योर एशियाई/ राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख |

**(घ)क्रिकेट (अंतर्राष्ट्रीय) टीम प्रतियोगिता** :—

| चैम्पियनशिप | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 1. क्रिकेट वर्ल्ड कपएवं T-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप सीनियर | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ |
| 2. क्रिकेट वर्ल्ड कप एवं T-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जूनियर | 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार | 66 लाख 66 हजार |
| 3. चैम्पियन्स ट्रॉफी | 1.0 करोड़ | 75 लाख |

**(ii) राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार:**—

| प्रतियोगिता | वर्ग | स्वर्ण प्रथम(रू0) | रजत द्वितीय (रू0) | कांस्य तृतीय (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| (क) नेशनल गेम्स | | 4,00,000/— | 3,00,000/— | 2,00,000/— |
| (ख) राष्ट्रीय चैम्पियनशिप | सीनियर | 2,00,000/— | 1,50,000/— | 1,00,000/— |
| | जूनियर | 1,50,000/— | 1,00,000/— | 60,000/— |
| | सब जूनियर | 1,00,000/— | 70,000/— | 50,000/— |
| (ग) आधिकारिक राष्ट्रीय यूथ चैम्पियनशिप | | 1,50,000/— | 1,00,000/— | 60,000/— |
| (घ) राष्ट्रीय विद्यालय खेल/ खेलो इंडिया यूथ गेम्स | सीनियर वर्ग | 1,00,000/— | 70,000/— | 50,000/— |
| | जूनियर वर्ग | 80,000/— | 60,000/— | 40,000/— |
| | सब जूनियर | 60,000/— | 40,000/— | 30,000/— |
| (ड) अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप एवं राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलो इंडिया गेम्स | | 1,50,000/— | 1,00,000/— | 60,000/— |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (च) राष्ट्रीय स्पेशल ओलम्पिक /राष्ट्रीय पैरालम्पिक खेल/ राष्ट्रीय मूक–बधिर / मन्द बुद्धि (दिव्यांग) खेल | सीनियर | 2,00,000/– | 1,50,000/– | 1,00000/– |
| | जूनियर | 1,50,000/– | 1,00,000/– | 60,000/– |
| | सब जूनियर | 1,00,000/– | 70,000/– | 50,000/– |
| (छ) मान्यता प्राप्त खेल के कैडेट खिलाड़ी | कैडेट | 1,00,000/– | 70,000/– | 50,000/– |

**3.टीम प्रतियोगिताओं में देय पुरस्कार राशिः–**

| टीम सदस्यों की संख्या | संबंधित प्रतियोगिता और पदक के लिए ऊपर उल्लिखित व्यक्तिगत खेल पुरस्कार राशि का उतना ही गुणा |
|---|---|
| (1) 02 सदस्यों की टीम | 1–1/2 गुणा |
| (2) 03 अथवा 04 सदस्यों की टीम | 2 गुणा |
| (3) 05 से 10 सदस्यों की टीम | 3 गुणा |
| (4) 10 से अधिक सदस्यों की टीम | 5 गुणा |

**नोटः– 1. खिलाडियों को सम्मानित करने हेतु न्यूनतम ₹20,000/–(बीस हजार रूपये) मात्र पुरस्कार राशि अवश्य प्रदान किये जायेंगे।**

**2. उपर्युक्त रूप से निर्धारित पुरस्कार राशि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार रिजर्व खिलाड़ियों सहित टीम के सभी सदस्यों में बराबर बांटी जायेगी।**

**3. मान्यता प्राप्त आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का मात्र प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों (जो कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं कर सके) को राष्ट्रीय स्तर के विजेता के बराबर पुरस्कार राशि देय होगा। इसका निर्णय पुरस्कार हेतु गठित समिति द्वारा किया जायेगा।**

**4. पुरस्कार हेतु खिलाड़ियों की पात्रता निम्नवत् हैः–**

(क) खिलाड़ियों को आधिकारिक प्रतियोगिता में प्राप्त उपलब्धि के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा।

(ख) पुरस्कार उन्हीं खिलाड़ियों को प्राप्त होंगे, जो बिहार के निवासी हों तथा बिहार की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व किया हो।

(ग) वैसे खिलाड़ी जो बिहार के निवासी हो तथा आधिकारिक अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया हो।

**5.राज्य विशेष खेल पुरस्कार :–**

**(क). खेल प्रशिक्षक प्रोत्साहन पुरस्कारः–**

प्रशिक्षकों की पात्रता–एन0आई0एस0 डिप्लोमाधारी प्रशिक्षक/अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त/प्रतिनिधित्व करने वाले वरीय खिलाड़ी।

(1) इस योजना के अंतर्गत वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने पदक विजेताओं को प्रशिक्षित किया है वे भी नकद पुरस्कार के पात्र होंगे। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से ₹2,00,000/–(दो लाख रूपये) मात्र पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

(2) अन्य राज्य के वैसे प्रशिक्षक जिनसे प्रशिक्षण पाकर बिहार के खिलाड़ियों में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता/पदक प्राप्त किया हो उन प्रशिक्षकों को भी खेल प्रशिक्षक प्रोत्साहन पुरस्कार के समान राशि 200000/–(दो लाख रूपये) मात्र दिया जा सकता है।

**(ख).राज्य श्रेष्ठ खेल सम्मान :–**

निर्धारित जिस अवधि के आधार पर खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, उसी अवधि में खेल के पुरस्कारों में से सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि वाले एक या अधिक (सरकार/समिति द्वारा निर्धारित) खिलाड़ी को "राज्य श्रेष्ठ खेल–सम्मान" हेतु चयन किया जायेगा। जिसे अतिरिक्त ₹4,00,000/– (चार लाख रूपये) मात्र एवं प्रशस्ति पत्र, ब्लेजर सूट, टाई/स्कार्फ, शर्ट प्रदान किया जायेगा।

## (ग). वरीय खेल प्रशिक्षकों के लिए "राज्य विशिष्ट खेल प्रशिक्षक सेवा सम्मान" (लाईफ टाईम एचीवमेंट)

वैसे वरीय खेल प्रशिक्षक जिनके खिलाड़ी लम्बी अवधि से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो और उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल किया हो को इस सम्मान से जीवन में एक बार सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से ₹4,00,000/– (चार लाख रूपये) मात्र एक प्रशस्ति पत्र, ब्लेजर सूट, टाई/स्कार्फ, शर्ट प्रदान किया जायेगा।

## 6. शिवनाथ सिंह खेल पुरस्कार(Life time Achievement Award) :–

- बिहार राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होने एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स/ओलम्पिक गेम्स या अन्य मान्याताप्राप्त विश्व चैम्पियनशीप में लगातार दो से दस वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता की हो या पदक प्राप्त किया हो।
- बिहार राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होनें पूर्व के वर्षों में एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स/ओलम्पिक गेम्स या अन्य मान्यताप्राप्त विश्व चैम्पियनशीप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता की हो या पदक प्राप्त किया हो और वे वर्तमान समय में खेल जीवन से सन्यास ले चुके हो।
- बिहार राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होने एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स/ओलम्पिक गेम्स या अन्य मान्यताप्राप्त विश्व चैम्पियनशीप में प्रतिभागिता की हो या पदक प्राप्त किया हो और वर्तमान समय में दिवंगत(Posthumous) हो चुके है। (उन खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यो के द्वारा सम्मान को प्राप्त किया जायेगा)

इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों या खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों को 10(दस) लाख रूपये एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार पूरे जीवनकाल में एक बार ही दिया जाएगा।

## 7. खेल संघ पुरस्कार :–

राज्य में खेल गतिविधियों को बढाने, खेल कार्यक्रमों का विधिवत आयोजन, प्रतिभाखोज के माध्यम से खिलाड़ियों को पदक प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा अपनी खेल विधा को राज्य में लोकप्रिय बनाने के लिए राज्य सरकार से सहयोग एवं समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खेल संघों को भी नकद 100000/– (एक लाख रूपये) मात्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया जायगा।

## 8. कुशल खेल प्रशासक पुरस्कार :–

जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा को खेल विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्यों, दायित्वों को अपने जिले एवं राज्य में बखूबी कर्तव्य निर्वहन के आलोक में सम्बंधित जिला के प्रभारी खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा को नकद 51000/– (इक्यावन हजार रूपये) मात्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया जायेगा।

## 9. मोइन उल हक प्रशिक्षण पुरस्कार :–

बिहार राज्य के वैस प्रशिक्षक जिनके द्वारा खिलाड़ियों को दीर्घकालीन प्रशिक्षण दिया गया हो एवं उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किये हो, साथ ही साथ उन प्रशिक्षको के द्वारा लागातार असाधारण प्रशिक्षण कार्य करते हुए उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किये हो। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले प्रशिक्षकों को नगद 5,00,000/–(पाँच लाख रूपये) मात्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया जायेगा तथा 05 वर्षों के उपरांत ही वे पुनः पुरस्कार प्राप्त करने के पात्र होगें। उपरोक्त में वैसे प्रशिक्षको को शामिल नहीं किया जायेगा जो अल्पकालीन प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता करते हुए बिहार दल खिलाड़ी के साथ किसी प्रतियोगिता में सम्मिलित होते है तथा प्रतियोगिता उपरांत पदक विजेताओं का ब्यौरा समर्पित कर सम्मान हेतु अपना नामांकन देते हो।

10. प्रक्रिया :—

(क). कोई भी आधिकारिक प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर स्वयं खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक/राज्य संघ/संबंधित विश्वविद्यालय के डीन/खेल विभाग के जिला स्तरीय खेल पदाधिकारी/अन्य प्रभारी सरकारी पदाधिकारी द्वारा आवेदन प्रपत्र में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा।

(ख). बिहार राज्य खेल प्राधिकरण राज्य खेल संघ/अन्य माध्यमों से आवेदन में वर्णित तथ्यों का सत्यापन करेगा।

(ग). राज्य खेल संघ/टीम द्वारा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल होने के पूर्व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों की समर्पित सूची से गठित कमिटि द्वारा आवेदन पत्र का मिलान के पश्चात् सूची का अंतिम रूप दिया जायेगा।

(घ). **खेल सम्मान समितिः—**

उपरोक्त पुरस्कार/एवार्ड हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों/सदस्यों की गठित समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना | :— | अध्यक्ष |
| 2. | निदेशक, खेल निदेशालय, खेल विभाग | :— | उपाध्यक्ष |
| 3. | निदेशक—सह—सचिव, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | :— | सदस्य सचिव |
| 4. | बिहार ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष/सचिव | :— | सदस्य |
| 5. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरूष खिलाड़ी | :— | सदस्य |
| 6. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी | :— | सदस्य |
| 7. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी | :— | सदस्य |
| 8. | उप निदेशक, खेल निदेशालय | :— | सदस्य |
| 9. | एक वरीय खेल प्रशिक्षक विभाग द्वारा मनोनीत | :— | सदस्य |

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा उक्त खेल सम्मान समिति की मासिक बैठक की जायेगी। यदि किन्ही खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों द्वारा पदक प्राप्त किया जाता है एवं संबंधित द्वारा आवेदन प्राप्त होने के उपरांत खेल सम्मान समिति द्वारा तत्काल बैठक कराकर अथवा मासिक बैठक में निर्णय लिया जायेगा।

(ङ). यथा संभव अधिकारिक खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने के उपरान्त तुरंत पुरस्कार राशि देय होगा।

(च). विशेष उपलब्धि या विशेष कारणों से यदि समिति द्वारा अतिरिक्त राशि की अनुशंसा की जाती है, तो अतिरिक्त राशि के रूप में ₹2,00,000/— (दो लाख रूपये) मात्र देय होगा।

(छ). प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को राज्य खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

**11. यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रवृत मानी जायेगी।**

**इस संबंध में पूर्व में निर्गत कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत अधिसूचना सं०—1354, दिनांक—28.08.2023 को तत्काल प्रभाव से निरसित माना जायेगा परन्तु उक्त अधिसूचना के अधीन किया गया कोई कार्य या की गयी कोई कार्रवाई विधिमान्य समझी जायेगी।**

**उक्त पर विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।**

23.8.2024

(डॉ० बी० राजेन्दर)
प्रधान सचिव,
खेल विभाग, बिहार, पटना।